सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

साधिकार प्रकाशित

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

Published by Authority

कार्तिक 11, मंगलवार, शाके 1943-नवम्बर 02, 2021
Kartika 11, Tuesday , Saka 1943- November 02, 2021

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप-9) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 27, 2021

संख्या प. 16 (05) गृह-9/2021 :-यतः राज्य सरकार यह समझती है कि जिला पाली के ग्राम देवली, आउवा तहसील मारवाड जक्शंन के खसरा नम्बर 1099 रकबा 0.1225 हैक्टेयर में इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड पश्चिमी क्षेत्र पाईप लाईन्स का एम ओ वी 26 स्टेशन को जिसके क्षेत्र का विवरण नीचे वर्णित है, से संबंधित जानकारी या उसका विनाश या उसमें बाधा या उसमें हस्तक्षेप शत्रु को उपयोगी होगा।

इसलिए अब राज्य सरकार एतद्द्वारा शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (1923 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 19) की धारा 2 के खण्ड (8) के उप-खण्ड (घ) सपठित भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 21/20/62 पोल-I दिनांक 04.05.1963 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम देवली, आउवा तहसील मारवाड जक्शंन के खसरा नम्बर 1099 रकबा 0.1225 हैक्टेयर में इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड पश्चिमी क्षेत्र पाईप लाईन्स का एम ओ वी 26 स्टेशन को उक्त अधिनियम के अधीन सुरक्षा की दृष्टि से निम्नांकित सीमाओं वाले क्षेत्र को प्रतिषिद्व स्थान घोषित करती है।

क्षेत्र का विवरण

क्र.स.	**जिला एवं तहसील**	**ग्राम**	**रकबा**	**पूर्व खसरा संख्या**	**पश्चिम खसरा संख्या**	**उत्तर खसरा संख्या**	**दक्षिण खसरा संख्या**
1.	**जिला पाली तहसील** आउवा	**देवली**	0.1225 हैक्टेयर	**खिंवाडा जाने वाला आम रास्ता**	**खसरा नम्बर** 1099 की शेष भुमि	**खसरा नम्बर 1069 श्री हजारी सिंह, अर्जुनसिंह, कल्याणसिंह प्रवीणसिंह पुत्र रूपा जाति पुराहित निवासी देवली की खातेदारी भुमि**	**खसरा नम्बर 1099 की शेष भुमि**

राज्यपाल की आज्ञा से,

मुकेश पारीक,
शासन उप सचिव, गृह।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।